

# वरुण और सोनम बाजवा ने मंच पर बिखेरा अपना जलवा

## मारुति सुजुकी प्रेजेंट्स 24वें ज़ी सिने अवॉर्ड्स

भारतीय सिनेमा की भव्यता और उन फैंस के जश्न को सलाम करते हुए जो हर पल को खास बनाते हैं, 'जी' ने मारुति सुजुकी प्रेजेंट्स 24वें ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2026 के साथ एक शानदार शाम का आयोजन किया. सितारों से सजी इस खास शाम में इंडस्ट्री के कई बड़े नाम एक साथ नजर आए. दमदार परफॉर्मेंस, चमकदार पल और फैंस की जबर्दस्त एनर्जी ने इस शाम को और भी खास बना दिया. फैनटरटेनमेंट की सोच को आगे बढ़ाते हुए यह अवॉर्ड नाइट एक ऐसे भव्य जश्न में बदल गई जहां सिनेमा का जादू और हाई एनर्जी एंटरटेनमेंट एक ही मंच पर देखने को मिला.

इस सितारों से सजी शाम को और यादगार बना दिया वरुण धवन और सोनम बाजवा की शानदार परफॉर्मेंस ने. दोनों सितारों ने अपने जबर्दस्त एक्ट से दर्शकों को पूरी तरह बांधे रखा.

वरुण धवन ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से शाम की शुरुआत ही जोश से भर दी. अपनी जबर्दस्त एनर्जी और शानदार स्टेज प्रेजेंस के लिए पहचाने जाने वाले वरुण ने 'बिजुरिया', 'सैटरडे सैटरडे' और अपने कई हिट गानों की मेडली पर परफॉर्म करते हुए मंच पर आग लगा दी. उनकी जोशीली परफॉर्मेंस ने पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया और दर्शकों को अपनी सीटों से खड़े होकर झूमने पर मजबूर कर दिया.

# लिवाइस ने आलिया भट्ट को बनाया ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर



लिवाइस ब्रांड अपने 2026 के वैश्विकअभियान 'बिहाइंड एवरी ओरिजिनल' को भारत में लेकर आया है, जिसमें ग्लोबलब्रांड एंबेसडर आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में नज़र आ रही हैं.

पिछले 150 से अधिक वर्षों से, लिवाइस उन लोगों की पहली पसंद रहा है जोसंस्कृति को नई दिशा देते रहे हैं. संगीत और खेल से लेकर फैशन और कलातक, लिवाइस जींस हर उस महत्वपूर्ण मोड़ की गवाह रही है जहाँ बदलाव कीशुरुआत हुई. इसे वे लोग पहनते हैं जो न केवल प्रगति की राह पर चलते हैं, बल्कि आने वाले कल की दिशा भी तय करते हैं.

'बिहाइंड एवरी ओरिजिनल' अभियान इसी महान विरासत को आगे बढ़ाता है. यह वैश्विक स्तर पर मौलिकता के पीछे की गहरी सोच का जश्न मनाता है—वहजिज्ञासा, अटूट विश्वास और दुनिया को एक अलग नज़रिये से देखने का साहस, जो असल प्रगति को जन्म देते हैं.

इस अभियान का मुख्य केंद्र अभिनेत्री आलिया भट्ट हैं, जो एक ऐसी कलाकारऔर वैश्विक सांस्कृतिक आइकन हैं जिनकी यात्रा निरंतर विकास, आत्मविश्वासऔर अद्वितीय व्यक्तित्व का मेल है. उनका यह सफर आज की उस पीढ़ी कीआवाज़ है जो बनावटी पूर्णता के बजाय असलियत औरप्रामाणिकता को चुनती है, और यही खूबी उन्हें लिवाइस0 ? की इस वैश्विककहानी का एक सच्चा प्रतिनिधि बनाती है.

# जान्हवी ने की जैकोबी जूप के परफॉर्मेंस की सराहना



बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने हाल ही में सोशल मीडिया पर युवा अभिनेता जैकोबी जुप की परफॉर्मेंस की खुलकर सराहना की, जिसने उन पर गहरा प्रभाव छोड़ा. जान्हवी कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर जैकोबी जुप की फिल्म 'हैमनेट' में की गई अदाकारी की प्रशंसा करते हुए बताया है कि इस परफॉर्मेंस ने उन्हें काफी प्रभावित किया है.

जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी स्टोरी में जान्हवी ने लिखा है, ' 'हैमनेट' इस लड़के की परफॉर्मेंस ज़बरदस्त है. दिल जीत लिया. बिना किसी शक के यह इस साल की सबसे बेहतरीन परफॉर्मेंस है, जो दिमाग से निकल ही नहीं रही. '

जैकोबी की तारीफ़ में लिखी जान्हवी की यह स्टोरी देखते ही देखते जल्द ही सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई, खासकर इसलिए क्योंकि इसमें युवा अभिनेता

जैकोबी जुप के काम को सराहा गया था, जिन्हें 'हैमनेट' में अपने किरदार के लिए काफी प्रशंसा मिल रही है. जान्हवी की यह सहज प्रतिक्रिया दर्शाती है कि बतौर दर्शक वे इस परफॉर्मेंस से कितनी गहराई से जुड़ चुकी हैं.

गौरतलब है कि जान्हवी कपूर अक्सर उन फिल्मों और परफॉर्मेंस के बारे में बात करती हैं, जो उन्हें प्रेरित करती हैं. फिलहाल जैकोबी जुप के लिए उनकी यह प्रशंसा भी इसी बात का उदाहरण है कि वह सिनेमा में अच्छे काम की खुले दिल से सराहना करती हैं.

## टेलीविजन हलचल

# प्रियोम देव गुज्जर ने बताया वो कॉकरोच सीन

ज़ी टीवी का फैमिली शो 'लक्ष्मी निवास' अपनी दिलचस्प कहानी और अलग-अलग परतों वाले किरदारों के साथ दर्शकों को लगातार जोड़े हुए है. शो की कहानी एक मध्यमवर्गीय परिवार के अरमानों और रिश्तों के इर्द-गिर्द घूमती है. इसी कहानी में राज बुंदेला का किरदार भी दर्शकों का खास ध्यान खींच रहा है, जिसे एक्टर प्रियोम देव गुज्जर निभा रहे हैं. स्क्रीन पर राज, भूमिका के लिए एक आकर्षक और लगभग परफेक्ट पार्टनर के रूप में सामने आता है, जिसका किरदार एक्ट्रेस रिया मुंजाल निभा रही हैं.



कहानी में राज को एक अमीर बिजनेसमैन के रूप में दिखाया गया है, जिसका स्वभाव शांत है और जो भूमिका का बेहद ख्याल रखने वाला इंसान लगता है. अब तक वो एक आदर्श 'ग्रीन फ्लैग' पार्टनर की तरह नजर आया है, जो भूमिका से पूरे दिल से प्यार करता है और उसे खुश रखने के लिए हर मुमकिन कोशिश करता है. लेकिन जैसे जैसे कहानी आगे बढ़ती है, दर्शकों को राज के व्यक्तित्व में एक चौंकाने वाला बदलाव दिखाई देने लगता है. जो रिश्ता शुरुआत में सच्चे प्यार जैसा लगता है, उसी में धीरे धीरे जुनून और अधिकार की झलक सामने आने लगती है. यही बदलाव कहानी में एक नाटकीय मोड़ लाता है और राज के किरदार की नई परतें सामने आती हैं.

# ड्रामा और कॉमेडी का जबरदस्त ट्विस्ट !



एण्डटीवी पर 'भाबीजी घर पर हैं' और 'घरवाली पेड़वाली' के आने वाले एपिसोड्स में इस हफ्ते दर्शकों को हंसी, गलतफहमियों और दिलचस्प ड्रामे का भरपूर डोज़ मिलने वाला है. घूंघटगंज में मजेदार चालबाज़ियां और जीतू की उलझी हुई प्रेम कहानी के बीच कहानी में ऐसे मोड़ आएंगे जो दर्शकों को स्क्रीन से जोड़े रखेंगे. 'घरवाली पेड़वाली' के बारे में बात करते हुए सावी का किरदार निभा रही सीरत कपूर ने कहा, 'कहानी में तब बड़ा मोड़ आता है जब सावी, जीतू का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए एक चौंकाने वाली योजना बनाती है. वह चाहती है कि जीतू उसे लतिका से ज्यादा अहमियत दे, इसलिए वह प्रेगनेंट होने का नाटक शुरू कर देती है. सावी की बात पर भरोसा करते हुए जीतू उसकी बहुत ज्यादा देखभाल करने लगता है, जिससे लतिका असहज हो जाती है. लेकिन मामला तब बिगड़ जाता है जब एक दिन सावी अपने कमरे में अकेली समझकर खुद से बात करते हुए अपने पूरे प्लान का खुलासा कर देती है कि उसने जीतू को अपनी ओर खींचने और लतिका को दूर करने के लिए नकली प्रेगनेंसी की कहानी बनाई थी. उसे पता नहीं होता कि जीतू दरवाजे के बाहर खड़ा सब सुन रहा है. सच्चाई जानकर वह गुस्से में सावी से सवाल करता है.



# केडी : द डेविल का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज

केवीएन प्रोडक्शन्स की फिल्म केडी: द डेविल का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज हो गया है. फिल्म केडी: द डेविल की घोषणा के बाद से ही पूरे देश में इसकी खूब चर्चा हो रही है. अब इस जोश को और बढ़ाने के लिए केवीएन प्रोडक्शन्स ने अपना नया गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज कर दिया है. नोरा फतेही पर फिल्माया गया यह गाना म्यूज़िक डायरेक्टर अर्जुन जन्या का एक दमदार और चार्टबस्टर बनने वाला ट्रैक माना जा रहा है.

इस फिल्म के निर्देशक प्रेम हैं, और इस मस्ती भरे गाने में संजय दत्त भी नोरा फतेही के साथ कदम से कदम मिलाते हुए डांस करते दिखाई दे रहे हैं.इस शानदार गाने का भव्य लॉन्च बेंगलुरु के एएमबी सिनेमा में हुआ. लॉन्च के दौरान नोरा फतेही इस फिल्म से कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में अपना डेब्यू कर रही हैं. उन्होंने ने कहा, 'प्रेम सर, मुझे इस फिल्म में शामिल करने के लिए बहुत धन्यवाद. जब मैंने बड़े पर्दे पर ट्रेलर देखा, तब समझ आया कि आपको 'शोमैन' क्यों कहा जाता है.

# इम्तियाज़ अली की फिल्म का हिस्सा बनना महत्वपूर्ण पल : शर्वरी

बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी के लिये इम्तियाज़ अली की फिल्म का हिस्सा बनना उनके करियर के सफर में एक बेहद खास और महत्वपूर्ण पल है. फिल्मकार इम्तियाज़ अली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' का टीज़र रिलीज हो गया है, जिसने दर्शकों को आने वाली इस प्रेम कहानी की भावनात्मक दुनिया की पहली झलक दी.

दिलजीत दोसांझ, वेदांग रैना, शर्वरी और दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह जैसे कलाकारों को एक साथ लाने वाली यह फिल्म इम्तियाज़ अली की अगली परियोजना है. इसके काव्यात्मक दृश्यों और इम्तियाज़ अली की पहचान बन चुकी भावनात्मक कहानी कहने की शैली के कारण यह फिल्म सोशल मीडिया पर पहले ही काफी चर्चा और उत्साह पैदा कर चुकी है.



टीज़र के सामने आने के बाद पैदा हुए उत्साह के बीच अभिनेत्री शर्वरी ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्मकार के लिए एक बेहद निजी और भावनात्मक नोट साझा किया. शर्वरी लंबे समय से इम्तियाज़ अली को अपने सपनों के सहयोगी के रूप में देखती रही हैं.

## यंग इंडिया



# मुंबई रेलवे अप्रेंटिस पदों के लिए आवेदन शुरू

मुंबई में स्थित रेलवे भर्ती सेल (आरआरसी डब्ल्यूआर) ने हाल ही में अप्रेंटिस पदों के लिए अधिसूचना जारी की है. इस भर्ती के तहत कुल 5349 पद भरे जाएंगे. आवेदन प्रक्रिया 21 फरवरी 2026 से शुरू हो गई है और उम्मीदवार 23 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. इस भर्ती में आवेदन करने के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 15 वर्ष और अधिकतम आयु 24 वर्ष होनी चाहिए. रेलवे नियमानुसार विभिन्न श्रेणियों के उम्मीदवारों को आयु में छूट भी दी जाती है.

इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों ने कक्षा 10वीं (हाई स्कूल) परीक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो और संबंधित ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र रखा हो. यह सुनिश्चित करता है कि उम्मीदवार तकनीकी और व्यावसायिक दोनों रूप से तैयार हैं. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक अधिसूचना ध्यान से पढ़ें, ताकि उम्र सीमा, शैक्षिक योग्यता और अन्य आवश्यक जानकारी पूरी तरह से समझ में आ सके.

आवेदन शुल्क सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए 100/- रखा गया है, जबकि एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/महिला उम्मीदवारों के लिए शुल्क शून्य है. आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यमों जैसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस, कैश कार्ड और मोबाइल वॉलेट से किया जा सकता है.

इस भर्ती में चयन मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा. उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि आवेदन प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए. श्रेणीवार रिक्तियां इस प्रकार हैं: सामान्य - 2166 पद, ओबीसी - 1435 पद, ईडब्ल्यूएस - 552 पद, एससी - 800 पद और एसटी - 396 पद.

इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

# नर्सिंग ऑफिसर पदों के लिए आवेदन शुरू

**इच्छुक उम्मीदवार 16 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं**

ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (एआईआईएमएस), नई दिल्ली ने हाल ही में नर्सिंग ऑफिसर एनओआरसीईटी 10वीं चरण पदों के लिए भर्ती अधिसूचना जारी की है. इस भर्ती के तहत कुल 2551 पद भरे जाएंगे. आवेदन प्रक्रिया 24 फरवरी 2026 से शुरू हो गई है और इच्छुक उम्मीदवार 16 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. इस भर्ती में आवेदन करने के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए. एआईआईएमएस नियमानुसार विभिन्न श्रेणियों के उम्मीदवारों को आयु में छूट प्रदान की जाती है.

इस भर्ती के लिए उम्मीदवार के पास बी.एससी. नर्सिंग या जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी में डिप्लोमा होना आवश्यक है. इसके अलावा, उम्मीदवार के पास कम से कम 50-बेड वाले अस्पताल में दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए और उन्हें राज्य/नर्सिंग परिषद में पंजीकरण होना चाहिए. यह सुनिश्चित करता है कि उम्मीदवार पेशेवर और तकनीकी दोनों रूप से नर्सिंग कार्यों के लिए योग्य हैं. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक अधिसूचना ध्यान से पढ़ें ताकि सभी योग्यता और अनुभव संबंधी विवरण स्पष्ट हो.



आवेदन शुल्क सामान्य और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए रु. 3000/-, एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए रु. 2400/-, और दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) उम्मीदवारों के लिए शून्य रखा गया है. शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यमों जैसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस, कैश कार्ड और मोबाइल वॉलेट से किया जा सकता है.

चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगी. पहले चरण में प्रारंभिक सीबीटी परीक्षा आयोजित की जाएगी और सफल उम्मीदवार मुख्य परीक्षा मेनस सीबीटी में बैठेंगे. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सभी चरणों की तैयारी समय पर शुरू कर दें और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को अंतिम तिथि से पहले पूरा करें.

# दिल्ली में सरकारी नौकरी का अवसर

## 911 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) ने हाल ही में लीगल असिस्टेंट, असिस्टेंट इंजीनियर (सिविल), जूनियर इंजीनियर और असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर पदों के लिए भर्ती अधिसूचना जारी की है. इस भर्ती के तहत कुल 911 पद भरे जाएंगे. आवेदन प्रक्रिया 24 फरवरी 2026 से शुरू हो गई है और इच्छुक उम्मीदवार 25 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. इस भर्ती में आवेदन करने के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु पद के अनुसार 30 से 35 वर्ष होनी चाहिए. डीएसएसएसबी नियमों के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट भी दी गई है.

इस भर्ती के लिए अलग-अलग पदों की योग्यता इस प्रकार है. लीगल असिस्टेंट पद के लिए उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एलएलबी होनी चाहिए और साथ ही सरकारी विभाग या सार्वजनिक क्षेत्र में कम से कम एक वर्ष का अनुभव या न्यूनतम तीन साल का कानूनी अभ्यास का अनुभव होना आवश्यक है. असिस्टेंट इंजीनियर (सिविल) और जूनियर इंजीनियर (सिविल) पदों के लिए उम्मीदवार के पास सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री या तीन वर्षीय डिप्लोमा होना अनिवार्य है. एएसओ पद के लिए स्नातक डिग्री और कम्प्यूटर ज्ञान आवश्यक है.

आवेदन शुल्क सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए रु. 100/- रखा गया है, जबकि एससी/एसटी, पीएच और महिला उम्मीदवार शुल्क से मुक्त हैं. चयन प्रक्रिया में उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा, दस्तावेज़ सत्यापन और मेडिकल परीक्षा के आधार पर किया जाएगा.



# कानूनी क्षेत्र में करियर का मौका

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने हाल ही में असिस्टेंट प्रोसेक्यूशन ऑफिसर (एपीओ) पदों के लिए भर्ती अधिसूचना जारी की है. इस भर्ती के तहत कुल 300 पद भरे जाएंगे. आवेदन प्रक्रिया 27 फरवरी 2026 से शुरू हो गई है और उम्मीदवार 20 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. इस भर्ती में आवेदन करने के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और अधिकतम आयु 42 वर्ष होनी चाहिए. विभिन्न श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा में छूट बीपीएससी नियमानुसार दी गई है.

इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कानून में स्नातक डिग्री (एलएलबी - 3 या 5 वर्ष का पाठ्यक्रम) होना आवश्यक है. यह सुनिश्चित करता है कि उम्मीदवार कानूनी कार्यों और अभियोजन कार्यों के लिए पूरी तरह योग्य हैं. उम्मीदवारों से अनुरोध किया गया है कि आवेदन करने से पहले आधिकारिक अधिसूचना ध्यान से पढ़ें, ताकि उम्र सीमा, शैक्षिक योग्यता और अन्य आवश्यक जानकारी पूरी तरह स्पष्ट हो.

इस भर्ती के लिए आवेदन शुल्क सभी उम्मीदवारों के लिए ?100/- रखा गया है. आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यमों जैसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस, कैश कार्ड और मोबाइल वॉलेट से किया जा सकता है.

चयन प्रक्रिया में उम्मीदवारों का चयन प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सभी चरणों की तैयारी समय पर शुरू कर दें और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को अंतिम तिथि से पहले पूरा करें.

असिस्टेंट प्रोसेक्यूशन ऑफिसर पदों के लिए यह भर्ती कानूनी क्षेत्र में करियर बनाने का सुनहरा अवसर है. यह न केवल स्थायी नौकरी पाने का रास्ता खोलती है, बल्कि उम्मीदवारों को न्यायिक और अभियोजन कार्यों में अनुभव प्राप्त करने का मौका भी देती है.

इच्छुक उम्मीदवार बीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. आवेदन करने से पहले सभी दिशा-निर्देश और आधिकारिक अधिसूचना पढ़ना आवश्यक है.